तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026




14 ठेठवार यादव समाज महासभा की त्रैमासिक ...



18 देशभक्ति और एकजुटता का सन्देश देने सभी वर्ग ...



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर 18 को

**भाटापारा।** विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य, रोग निदान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन 18 अगस्त मंगलवार को किया जाएगा। शिविर का आयोजन कुर्मी छात्रावास, मंडी रोड, भाटापारा में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगा।

शिविर में आम नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच एवं विभिन्न बीमारियों के उपचार संबंधी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त, बुखार, अपचन, खुजली सहित अन्य सामान्य बीमारियों तथा वातरोग, उदर रोग, त्वचा रोग, प्रदर रोग आदि के लिए चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार किया जाएगा। इसके अलावा बी.पी. जांच, शुगर जांच, नेत्र जांच और दंत परीक्षण भी निःशुल्क किए जाएंगे। शिविर में सभी प्रकार की बीमारियों के इलाज के लिए परामर्श एवं दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई है।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत परिवार के निकट परिजन के लिए 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजन राम मनहर पिता लहाराम मनहर, निवासी ग्राम खपराडीह, तहसील टुण्डरा की नहर के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### मारपीट के मामले में 9 लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम गढ़गांव स्वरूपपुर तालाब के पास मारपीट के मामले में 9 आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम गढ़गांव के पुरुषोत्तम बरिहा पिता मंगल यादव (21 वर्ष) ने 11 अगस्त को आरोपी महेश यादव, युधिष्ठिर यादव, सुनील (छोटू), सत्यम यादव, निर्मल यादव, वरूण यादव, रेवाशंकर यादव, उत्तरा कुमार, राजेंद्र यादव के विरूद्ध मारपीट किए जाने का मामला बसना थाने में दर्ज कराया है।

### पुराने विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुराने विवाद को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को युधिष्ठिर यादव पिता महेश राम यादव (30 वर्ष) ग्राम गढगांव ने बताया कि 11 अगस्त को उसके साथ स्वरूपपुर तालाब के पास आरोपी पुरूषोत्तम बरिहा, सन्नी यादव व अन्य लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी।

## तिरंगे की थीम पर छात्रों ने तैयार किए विभिन्न मॉडल













**सुहेला|** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर बच्चों द्वारा तिरंगे की थीम पर विभिन्न सुंदर मॉडल, कलाकृतियां एवं प्राचीन ऐतिहासिक स्थलों के मॉडल तैयार किए गए हैं। बच्चों की रचनात्मकता, मेहनत और देशभक्ति की भावना इन आकर्षक प्रस्तुतियों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। बच्चों द्वारा तैयार की गई ये सुंदर एवं ज्ञानवर्धक कलाकृतियां अत्यंत प्रशंसनीय एवं सराहनीय हैं। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों में कला, इतिहास, संस्कृति एवं राष्ट्रप्रेम के प्रति जागरूकता और उत्साह का विकास होता है।

**उत्सव :** मंत्री टंकराम वर्मा इस यात्रा में हुए शामिल

# तिरंगे के रंग में रंगा तिल्दा-नेवरा भारत माता के जयकारों से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

स्वतंत्रता दिवस के उत्सव और हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को तिल्दा नेवरा में तिरंगा यात्रा निकाली। मंत्री टंकराम वर्मा के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में शहर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। हाथों में तिरंगा थामे सैकड़ों युवा, महिलाएं, बुजुर्ग, स्कूली बच्चे और भाजपा कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय श्री राम के नारों से पूरा शहर गूंज उठा।

तिरंगा यात्रा की शुरुआत बीएनबी हाई स्कूल से हुई। यात्रा की अगुवाई मंत्री टंकराम वर्मा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, राम पंजवानी, लख्मीचंद नागवानी, चंद्र कुमार पाटी, रमेश रिंकू अग्रवाल, रानी सौरभ जैन, स्वाति वर्मा और सौरभ जैन ने की। सभी हाथों में तिरंगा लेकर प्रथम पंक्ति में चलते हुए देशभक्ति का संदेश दे रहे थे।

यात्रा में पीछे बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्कूली बच्चे और शहरवासी तिरंगा लहराते हुए आगे बढ़ रहे थे। डीजे पर बज रहे देशभक्ति के गीतों ने माहौल में और जोश भर दिया। बीएनबी हाई स्कूल से स्टेशन चौक होते हुए यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और दीनदयाल उपाध्याय चौक पहुंची, जहां इसका समापन किया गया।



### तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक

इस मौके पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है।हर भारतीय के दिल में तिरंगे के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना होनी चाहिए।आज तिल्दा नेवरा में उमड़ा यह जनसैलाब देश के प्रति लोगों की आस्था और समर्पण को दर्शाता है।हमारा तिरंगा हमें वीर जवानों के बलिदान और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष की याद दिलाता है।हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देश के प्रत्येक परिवार को राष्ट्रभक्ति की भावना से जोड़ना है।हम सभी संकल्प लें कि देश की एकता, अखंडता और सम्मान को हमेशा सर्वोपरि रखेंगे।

महेश अग्रवालने कहा तिरंगा हमारी पहचान है और देश की एकता का प्रतीक है।आज तिल्दा नेवरा की सड़कों पर उमड़ा यह जनसैलाब गर्व की बात है। हमारे वीर जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है।उनके बलिदान को याद करना और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाना हमारा कर्तव्य है।हर घर तिरंगा अभियान लोगों को देश के प्रति अपनीभावनाएं व्यक्त करने का अवसर देता है।हम सभी मिलकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करें।

राम पंजवानी ने कहा आज तिल्दा नेवरा में तिरंगे के सम्मान में पूरा शहर एकजुट दिखाई दे रहा है।यह तिरंगा हमारे गौरव, स्वाभिमान और राष्ट्र की शक्ति का प्रतीक है।देश के वीर सपूतों के बलिदान के कारण आज हम स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहे हैं।नई पीढ़ी को देश के इतिहास और शहीदों के बलिदान से परिचित कराना जरूरी है।

यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुमन गोस्वामी, पार्षद ज्योति नागवानी, आरती गिलहरे, प्रभा चौबे और अनु शर्मा,नरेश जोतवानई , सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता विशेष रूप से शामिल रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा तिल्दा नेवरा देशभक्ति के नारों और तिरंगे की लहराती छटा से सराबोर नजर आया।

# सिंगारपुर में जानलेवा हमला करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने ग्राम सिंगारपुर में हुई मारपीट, बलवा और जानलेवा हमले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त हथियार, दो बाइक और अवैध शराब भी जब्त की गई है।आरोपियों ने प्रार्थी के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव करने आईं प्रार्थी की मां और बहन के साथ भी आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से जमकर मारपीट की, जिससे उन्हें सिर, पीठ और पसलियों में गंभीर चोटें आईं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त हथियार, दो मोटरसाइकिल एमपी 20-3993 एवं सीजी 22 एम 2053 और अवैध शराब बरामद की है। 13 अगस्त को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल बीएनएस की विभिन्न धाराओं (296, 115(2), 351(2), 333, 191(2), 191(3)) तथा आर्म्स एक्ट और आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। एडिशनल एसपी कोमल सिन्हा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर ग्राम सिंगारपुर में आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी और तीन आरोपियों को हिरासत में लिया।जिसमें 20 वर्षीय दिनेश यादव उर्फ ननकू, 16 वर्षीय चोवाराम यादव उर्फ चिंटू और 18 वर्षीय अर्जुन साहू सभी निवासी ग्राम सिंगारपुर शामिल हैं।

### अवैध हथियार और शराब जब्त

मिली जानकारी के अनुसार 12 अगस्त को प्रार्थी उमेश साहू 20 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी दुकान पर बैठा था, तभी कुछ आरोपी धारदार हथियारों के साथ वहां पहुंचे। आरोपियों ने प्रार्थी को धमकी दी कि उसके परिवार के एक सदस्य द्वारा की गई पुरानी शिकायत को वापस ले लो। इसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी को कॉलर पकड़कर बाहर घसीटा, जहां उनके अन्य साथी पहले से ही डंडा और बल्ली लेकर मौजूद थे।

# हृदय रोग से पीड़ित बालक खनीश के लिए चिरायु बना वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गंभीर हृदय रोग से पीड़ति बच्चे का चिरायु टीम की पहल से सफल ऑपरेशन होने से नवजीवन मिला। चिरायु की यह पहल बच्चे के लिये वरदान से कम नहीं है।



विकासखंड सिमगा के ग्राम केसदा स्थित दर्रीपार प्राथमिक शाला में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिरायु टीम ने 7 वर्षीय छात्र खनीश यादव, पिता संतोष यादव में हृदय संबंधी बीमारी की आशंका जताई। आगे की जांच में गंभीर हृदय रोग की पुष्टि हुई। पूर्व जांच के दौरान परिजनों को बताया गया था कि बच्चे के हृदय रोग का ऑपरेशन छत्तीसगढ़ में संभव नहीं है तथा इसके लिए प्रदेश से बाहर उपचार की आवश्यकता हो सकती है।

इसके बाद सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी के मार्गदर्शन में बच्चे को रायपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में विशेषज्ञों ने जांच के बाद बताया कि बच्चे का उपचार एवं ऑपरेशन संभव है। 1 अगस्त को बच्चे को भर्ती कराया गया तथा 5 अगस्त को सफलतापूर्वक ▶▶ शेष पेज 17 पर

# चितावर मर्डर केस की गुत्थी सुलझी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

थाना लवन पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम को अंधी हत्या के एक संगीन मामले में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। ग्राम चितावर में युवती की नृशंस हत्या कर फरार हुए आरोपी ग्राम चितावर निवासी 26 वर्षीय रामदयाल ध्रुव को लवन पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त विशेष टीम द्वारा झलप-पटेवा क्षेत्र जिला महासमुंद से हिरासत में लिया है।

13 अगस्त की शाम लगभग 4.30 बजे ग्राम चितावर थाना लवन निवासी सतरूपा ध्रुव 24 वर्ष का शव समारीन बाई के घर के पीछे बाड़ी में कुएं के पास खून से लथपथ हालत में मिला था। मृतका के गले पर किसी धारदार हथियार से प्राणघातक वार कर हत्या की गई थी। प्रार्थी पुनऊराम पटेल की सूचना पर लवन पुलिस द्वारा तत्काल धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रारंभिक जांच एवं परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रामदयाल ध्रुव द्वारा पुराने झगड़ा-विवाद एवं जादू-टोना करने के मनगढंत शक के चलते युवती की हत्या की गई थी और घटना के तुरंत बाद वह गांव से फरार हो गया था। आरोपी ने घटना को अंजाम जादू-टोना के संदेह व पुराने विवाद पर में दिया।



साइबर सेल द्वारा आरोपी के भागने के संभावित मार्गों तथा तकनीकी इनपुट्स का बारीकी से विश्लेषण किया गया, जिसमें आरोपी का लोकेशन महासमुंद जिले के सरहदी इलाके में मिलने पर तत्काल पुलिस टीम को रवाना किया गया।

लवन पुलिस एवं साइबर सेल की टीम ने महासमुंद जिले के झलप-पटेवा क्षेत्र में सघन सर्च ऑपरेशन चलाकर घेराबंदी की और फरार आरोपी को कस्टडी में ले लिया। वर्तमान में आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा घटना में प्रयुक्त हथियार आदि की बरामदगी व अन्य वैधानिक साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया जारी है। प्रकरण में वैधानिक कार्यवाही जारी है।

**पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के मार्गदर्शन में भैंसा मंडल में हुआ उग्र प्रदर्शन**

# कांग्रेस ने बिजली दरों में वृद्धि और स्मार्ट मीटर के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैंसा

छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ते बिजली बिलों और स्मार्ट मीटरों से आ रही भारी गड़बड़ियों के खिलाफ पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के कुशल मार्गदर्शन में भैंसा मंडल कांग्रेस कमेटी द्वारा जोरदार एवं उग्र प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर आम उपभोक्ताओं को तत्काल राहत देने तथा समस्याओं का पारदर्शी निराकरण करने की मांग की।

- बढ़े हुए बिजली बिल वापस लेने और स्मार्ट मीटर में धांधली की निष्पक्ष जांच के लिए विद्युत विभाग को सौंपा ज्ञापन

जोन अध्यक्ष प्रकाश मारकंडेय के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की मंशा अनुरूप कांग्रेस पार्टी सदैव जनहित के मुद्दों पर आम जनता के साथ खड़ी है। आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ता अत्यधिक बढ़े हुए बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली से बेहद त्रस्त हैं। विशेष रूप से किसान, मजदूर, गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ लाद दिया गया है।



प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जब से क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, तब से बिजली खपत और बिलों में असामान्य वृद्धि देखी जा रही है। रीडिंग में भारी विसंगतियां और बिलिंग में अनियमितताएं सामने आ रही हैं।

नेताओं ने चेतावनी दी कि बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता के नाम पर जनता का आर्थिक शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ. शिवकुमार डहरिया के दिशा-निर्देशों पर कांग्रेस कार्यकर्ता इस लड़ाई को सड़क से सदन तक लड़ेंगे और जब तक उपभोक्ताओं को उचित न्याय और राहत नहीं मिल जाती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

उग्र प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, सेक्टर अध्यक्ष दिलीप सिंह कोठारी, मंडल प्रभारी दयाल दास मांडले, भगवती धुरंधर, खुबी डहरिया, दुर्गा राय, राजेश धुरंधर, रोहित साहू, डुगेश साहू, सुरेखा राय, प्रकाश साहू, जितेंद्र नारंग, आनंद टंडन, गुरुचरण मिरी, लूकेश टंडन, अनिल माण्डले, कमलदेव साहू, धरम यादव, शत्रुहन रात्रे, थमलेश साहू, बिसाहू, रोहित सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग

बिजली के बढ़े हुए दामों की तत्काल समीक्षा की जाए और अनुचित रूप से वसूली गई राशि उपभोक्ताओं को वापस की जाए, स्मार्ट मीटरों से संबंधित जन-शिकायतों की पारदर्शी जांच हो और दोषपूर्ण पाए जाने वाले मीटरों को तुरंत बदला जाए, बिलिंग और मीटर रीडिंग में आ रही तकनीकी गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच कर प्रभावित उपभोक्ताओं को राहत दी जाए, बिजली बिल एवं तकनीकी समस्याओं से संबंधित शिकायतों का एक निश्चित समय-सीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए ।

# जिला मुख्यालय में सांसद बृजमोहन करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में 80 वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह का आयोजन 15 अगस्त को जिला मुख्यालय स्थित पं. चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा क्षेत्र सांसद बृजमोहन अग्रवाल ध्वजारोहण करेंगे। जिला स्तरीय समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि का कार्यक्रम स्थल पर आगमन एवं स्वागत होगा और प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्रीय धुन एवं परेड सलामी, 9.5 बजे परेड का निरीक्षण, 9.10 बजे मार्च पास्ट,



प्रातः 9.20 बजे मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश वाचन तथा 9.55 बजे शहीद परिवारों का सम्मान, 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.25 बजे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी -कर्मचारी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु स्कूली बच्चों को पुरस्कार वितरण एवं 11 बजे मुख्य अतिथि कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान करेंगे।

# ग्राम पंचायत राजाढार

की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को

15 AUGUST

## स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्री ईतवारी राम जांगड़े — सरपंच, ग्राम पंचायत राजाढार
संतराम जोशी — सचिव, ग्राम पंचायत राजाढार
सनत ध्रुव — पंचायत इंस्पेक्टर

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत, राजाढार
जनपद पंचायत, भाटापारा

# ग्राम पंचायत भोथीडीह

की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को

15th August

## स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अनूपराम साहू — सरपंच, ग्राम पंचायत भोथीडीह
श्रीमती केशरीबाई साहू — उसरपंच, ग्राम पंचायत भोथीडीह
मनीष कुमार दुबे — सचिव, ग्राम पंचायत भोथीडीह

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत, भोथीडीह

# R.E.S. विभाग, भाटापारा

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
जिला-बलौदा बाजार, भाटापारा
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को

## स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रवेश प्रारंभ 2026-27
बलौदाबाजार जिले का एक मात्र शिक्षा कालेज

समस्त क्षेत्रवासियों को
## स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का कोर्स प्रारंभ
जिले का पहला मॉडल आई.टी.आई.

**कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट**
छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं NCERT से मान्यता प्राप्त पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय
- बीएड. 2 वर्ष (सेमेस्टर प्रणाली)
- बी.ए.3 वर्ष (सेमेस्टर प्रणाली)
- बी. काम.
- कम्प्यूटर एप्लीकेशन 3 वर्ष (सेमेस्टर प्रणाली)
- बी.एस.सी. 3 वर्ष (सेमेस्टर प्रणाली)
- डी.सी.ए. 1 वर्ष
- पी.जी.डी.सी.ए.
- बी.सी.ए.3 वर्ष-(सेमेस्टर प्रणाली)

विगत 14 वर्षों से निरंतर उच्च शिक्षा के साथ करें सपनों को साकार

**कमलाकांत शुक्ला प्राईवेट आई.टी.आई. (कोपा)**
NCVT DGT से मान्यता प्राप्त मो.:-78790-55777,07726-29141
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन नया ट्रेड - फिजियोथेरेपी- सोलर इलेक्ट्रिशियन

**कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट**
डी फार्मा पाठ्यक्रम
Affiliated by:
Affiliation
Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University (CSVTU), Durg (C.G.)
Approved by:
Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi, DTE.Govt.Raipur

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्यक्रम लागू
प्रवेश हेतु महाविद्यालय में संपर्क करें
देवरी रोड, भाटापारा, 96307-36193,70009-65887
लिटिल स्कालर्स-हथनीपारा, भाटापारा,
मिसेस अंजलि मनीष शुक्ला 98261-19418
E-Mail-kksipharma@gmail.com
Website-wwwkksipharma.in
देवरी रोड, भाटापारा
7000966744, 7566182662

# ग्राम पंचायत बेंदरी

की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को

## स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

गायत्री लोकनाथ वर्मा — सरपंच, ग्राम पंचायत बेंदरी
धनीराम साहू — सचिव, ग्राम पंचायत बेंदरी

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत, बेंदरी, जनपद पंचायत, भाटापारा


मा. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री (छ.ग. शासन)


मा. केदार कश्यप जी
सहकारिता मंत्री


मा. किरणदेव सिंह जी
प्रदेश अध्यक्ष- भाजपा


मा. शिवरतन शर्मा जी
पूर्व विधायक- भाटापारा

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर

की समस्त सहकारी समिति की ओर से

15 AUGUST

## स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


निरंजन सिन्हा
अध्यक्ष- जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर


अभिनेश कश्यप
उपाध्यक्ष- जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर

न झुकेगा तिरंगा, न भारत की शान
वीरों के बलिदान से बना है हिंदुस्तान
देश की खातिर जो हंसकर मिट गए
उन शहीदों को शत-शत प्रणाम

# थोक सब्जी मार्चेन्ट एसोसिएशन

सुरखी रोड़ - भाटापारा की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को

15th August

## स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



अध्यक्ष- दीपक पंजवानी

यहां सभी प्रकार की सब्जी, फल थोक रेट में बेची जाती है।

# MODERN ENGLISH SCHOOL BHATAPARA

(Run Under The Shri Sai Samiti)
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL

FOR CLASSES NURSERY TO VIII

"Enriching Minds, Changing Lives"

प्राचार्य:- प्रीति ताम्हणे

**SALIENT FEATURE :-**
- Lush Geen Campus Sprawing Over More Than 1.5 Acres.
- Campus Under Electronic Surveillance (CCTV's)
- Prize Distribution Functions For Educational, Sports & Co-curricular Activites.
- Well Qualified Staff
- Computer Labs Equipped With Latest Softwares
- Audio-visual Smart Class Room
- Swings, Slides & Other Educational Playing Materials Toys For Students
- Play way method of Teaching & Learning
- Coaching Facilities for Weak Students

CURRICULUM BASED ON CBSE PATTERN

**ज्ञानवर्धक उत्तम सुविधाएँ :-**
- पूर्ण हरियाली, फूल-पौधे युक्त स्वच्छ वातावरण।
- सी.सी.टी.वी. कैमरों से युक्त विद्यालय परिसर।
- शैक्षणिक, खेल एवं सहभागी गतिविधियों के पुरस्कार समारोहों का आयोजन।
- प्रशिक्षित एवं योग्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ।
- नवीन साफ्टवेयर युक्त कम्प्युटर प्रयोगशाला।
- सर्वसुविधा युक्त स्मार्ट क्लास।
- विद्यार्थियों के लिए झूले, फिसलपट्टी व अन्य शैक्षणिक खेल सामग्री।
- खेल-खेल में शैक्षणिक गतिविधियाँ।
- शिक्षा में कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएँ।

TARENGA ROAD, NAKA NO. 1 BHATAPARA MOB: 9329129242,9827963700


संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392






















संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392



# ग्राम पंचायत टेहका

की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को

**स्वतंत्रता दिवस**

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ललिता नारायण जोगी
सरपंच - ग्राम पंचायत टेहका

बलराम साहू
सचिव - ग्राम पंचायत टेहका

भव्य शुभारंभ - भाटापारा में...

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

# डिजनीलैंड यश एम्यूजमेंट

स्थान- जालियावाला फार्म, कुशल आटो शो-रूम के सामने, भाटापारा
रामलीला मैदान, पुराना गंज, भाटापारा





मनोज सिन्हा

पूरे परिवार के लिए मनोरंजन का एकमात्र केन्द्र
हवाई झूला, ब्रेकडांस, जलपरी, ड्रेगन झूला
सहित मनोरंजन के अन्य आयटमों के साथ

# ग्राम पंचायत सेमरिया (ब)

जनपद पंचायत भाटापारा



श्रीमती महेश्वरी यदु
(सरपंच)

दीपशिखा वर्मा
(सचिव)



श्री हीरामणी यदु
(सरपंच प्रतिनिधि)

श्रीमती पूर्णिमा अनंत
(उपसरपंच)

पंचगण :: श्री भुनेश्वर यदु, श्रीमती मीना यदु, श्री खेमराम यदु, श्री रामनारायण गेदले, श्री शिवबती यदु, श्रीमती सुशीला कुर्रे, श्रीमती संतोषी बंजारे, श्रीमती सावित्री बंजारे, श्री राजू कुमार



# ग्राम पंचायत दतरेंगी

की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को

**स्वतंत्रता दिवस**

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



कमलेश साहू
सरपंच - ग्राम पंचायत दतरेंगी

प्रसेन सिंह भट्ट
सचिव - ग्राम पंचायत दतरेंगी

एवं समस्त ग्राम पंचायत - दतरेंगी, जनपद पंचायत - भाटापारा

# ग्राम पंचायत पासीद

की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को

**स्वतंत्रता दिवस**

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

नोहर सिंह बया
सरपंच - ग्राम पंचायत पासीद



श्री राधेश्याम टंडन
(सचिव)

एवं समस्त ग्राम पंचायत
पासीद



इन्द्र साव
विधायक
भाटापारा विधानसभा क्षेत्र

15 AUGUST

समस्त क्षेत्रवासियों को

**स्वतंत्रता दिवस**

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



शादाब जालियावाला
विधायक प्रतिनिधि GNA भाटापारा

सेठ भंवरलाल जी की नई दुकान

# कुशल ज्वेलर्स



सदर बाजार, भाटापारा, मो. 9827163457, 9827325075

Suresh®
MASALE

— छत्तीसगढ़ का अपना मसाला —

**स्वतंत्रता दिवस**

की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

MASALE TOH
BAHUT HAIN,
ASLI SURESH HAI.

स्वाद वही, भरोसा वही,
परंपरा वही।



बेहतर चुनिंदा कच्चा माल | उन्नत तकनीक से स्वच्छ प्रोसेसिंग | शुद्धता की हमारी पहचान | 25+ सालों का भरोसा

For Trade Enquiries | +91 8319877633, 8966831818



# कपड़ा घर



सदर बाजार, भाटापारा, मो. 9827916002, 8770011663

तेजप्रकाश जैन अध्यक्ष कपड़ा व्यापारी संघ भाटापारा
मनीष जैन, अमित जैन, मुकेश जैन



संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392


















संकलनकर्ता: विश्वनाथ द्विवेदी, संवाददाता–सुहेला, मो.: 9926200893













संकलनकर्ता- गणेशशंकर साहू, हरिभूमि संवाददाता कसडोल, मो. 89590-20002


मा. राहुल गांधी
मा. प्रियंका गांधी
मा. भूपेश बघेल
मा. चरण दास महंत
मा. छाया वर्मा
मा. जनक राम वर्मा
मा. मलकीत सिंह गैदू
मा. अशोक राज आहूजा
मा. राजेन्द्र पप्पू बंजारे
मा. शैलेश नितिन त्रिवेदी
मा. पंकज शर्मा
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मा. दीपक बैज
मोती लाल हिन्दुजा


मा. मल्लिका अर्जुन खड़गे
मा. राहुल गांधी
मा. प्रियंका गांधी
मा. सचिन पायलट
मा. भूपेश बघेल
मा. चरण दास महंत
मा. शैलेश नितिन त्रिवेदी
मा. राजेन्द्र पप्पू बंजारे
भारत देश हमारा, प्राणों से प्यारा
80वें
स्वतंत्रता दिवस
की शहर एवं समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
मा. दीपक बैज
अजितेश शर्मा
अध्यक्ष
शहर कांग्रेस कमेटी तिल्दा शहर
ओम ठाकुर
जिला महासचिव
कांग्रेस
के. कृष्णा मूर्ति
कांग्रेस नेता


80वें
स्वतंत्रता दिवस
की शहर एवं समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
विनीत : ग्राम पंचायत
कोहका-घुलघुल सरपंच एवं
ग्राम पंचायत के समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत कोहका-घुलघुल
तेजराम वर्मा
सरपंच
एवं उपाध्यक्ष सरपंच संघ
जिला रायपुर


अल्ट्राटेक
सीमेंट
इंजीनियर की पसंद
देश का नं.1 सीमेंट
ADITYA BIRLA
CEMENT
देश को
बनाएं नं.1
स्वतंत्रता दिवस की
शुभकामनाएँ


मा. मल्लिकार्जुन खड़गे
मा. राहुल गांधी
मा. प्रियंका गांधी
मा. भूपेश बघेल
मा. छाया वर्मा
मा. चरण दास महंत
मा. जनक राम वर्मा
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
मा. शैलेश नितिन त्रिवेदी
मा. राजेन्द्र पप्पू बंजारे
ऐ मेरे वतन के लोगों तुम खूब लगा लो नारा,
ये शुभ दिन है हम सब का लहरा लो तिरंगा प्यारा,
पर मत भूलो सीमा पर वीरों ने है प्राण गँवाए,
कुछ याद उन्हें भी कर लो जो लौट के घर न आये।
मा. दीपक बैज
राजेश कोटवानी
पार्षद गुरुनानक वार्ड क्र. 5 नगर पालिका तिल्दा-नेवरा


क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
ग्राम पंचायत-सरोरा, ब्लाक-तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर
15 अगस्त
अमर जवान
सारे जहाँ से अच्छा
हिन्दुस्तान हमारा
श्रीमती उमेश्वरी विश्राम साहू
सरपंच
श्री बसंत सिंह विनोद
उपसरपंच
श्री मनहरण नायक
सचिव
श्री विश्राम साहू
सरपंच प्रतिनिधि
पंचगण
ग्राम पंचायत-सरोरा विकासखण्ड-तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर

खबर संक्षेप

## शराब बिक्री के मामले में अदालत का सख्त फैसला 50 हजार जुर्माने के साथ 2 साल की सजा

**महासमुंद।** किराना दुकान की आड़ में शराब बेचने के मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को दो साल कारावास और 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस द्वारा मौके से बड़ी मात्रा में शराब जब्त करने, साक्ष्य जुटाने और समय पर चालान पेश करने से सामने आया यह फैसला से भविष्य ऐसा कृत्य करने वालों के लिए सबक साबित होगा। मामला 12 अप्रैल 2026 का है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम अवलाचक्का में रति राम सिदार की किराना दुकान से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी सरायपाली की टीम ने नियमानुसार गवाहों को अवगत कराया और बताए गए स्थान पर छापामारी की कार्रवाई की।

पेज 9 का शेष

### हृदय रोग से ...

हृदय का ऑपरेशन किया गया। 12 अगस्त को बच्चे को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारस पटेल ने बताया कि चिरायु टीम ने बच्चे के उपचार की पूरी व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई। टीम ने बच्चे को अस्पताल पहुंचाने, भर्ती कराने से लेकर उपचार के दौरान लगातार परिजनों के संपर्क में रहकर आवश्यक समन्वय किया। ऑपरेशन के बाद 12 अगस्त को डिस्चार्ज होने पर चिरायु टीम के वाहन से ही बच्चे को उसके गांव स्थित घर तक सुरक्षित पहुंचाया गया। बच्चे के स्वस्थ होने पर उसके माता-पिता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ शासन एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार जताया है। चिरायु टीम में चिकित्सक डॉ. अनुराग साहू, देवहूति वर्मा, फार्मासिस्ट सुधा कंवर एवं एमएलटी आकांक्षा बांधे शामिल रहे।

केसरवानी मंगल भवन में विशाल शिव महापुराण जारी

# कालों के काल हैं भगवान शिव : पवन कुमार महराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

दूसरे दिन शुक्रवार को व्यास पीठ के श्री श्री 1008 श्री पवन कुमार महराज ने कहा कि जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो वह भाग्यशाली है। भगवान के विषय में जानने के लिए जिज्ञासु हो वह भाग्यवान है। हम लोग जिस कलयुग में जी रहे हैं इस युग में बड़े बड़े महात्माओं ने गहरा चिंतन किया है।जो भक्ति को धारण करता है। वह कलयुग के प्रभाव से बच जाता है। जीवन में तीन ताप परेशान करें तोभगवान का निकट पहुंच जाएं जिससे हमें तीनों ताप से छुटकारा मिलता है। महराज जी ने कहा कि तब तक कलयुग के पाप परेशान करेंगे जब तक शिवपुराण हमारे जीवन में शामिल न हो जाए यही शिवपुराण की महिमा है।

भगवान शंकर जी मंगल राशि हैं। उनका नाम और ध्यान भी मंगलमय है । शिव जैसा समान दृष्टा



कौन होगा महादेव देवों और दैत्य के लिएसदा कृपा वन्त रहते हैं। श्रावण मास पावन अवसर पर नगर भटगांव में श्री श्री 1008 श्री पवन कुमार महराज के व्यास पीठ से चल रही श्री शिव महापुराण कथा एवं महारुद्राभिषेक के दूसरे दिन केसरवानी मंगल भवन भटगांव में भारी जनसैलाब उमड़ा जहां शिव महिमा और हर हर महादेव के जयकारों से पूरी नगरी गुंज उठी। कथा के दूसरे दिन वहीं कथा वाचक ने बताया कि भगवान शिव अजर अमर और कालो के काल हैं। उनका स्मरण मात्र ही मनुष्य को तीनों तापो दुखों से छुटकारा दिलाता है। वहीं कथा वाचक ने व्याश पीठ से कल्याणकारी संदेश देते हुए कलयुग के प्रभाव से बचने के लिए शिव भक्ति को अपने जीवन में उतारने और सत्कर्म करने का आह्वान किया। आज की कथा में इनकी रही मुख्य उपस्थिति यजमान अंजू पुष्पराज केसरवानी, पूजा दुर्गेश केसरवानी, प्रवेश दुबे अधिवक्ता एवं पार्षद, सतीश केसरवानी, टेकचंद केसरवानी, आचार्य अनुराग दुबे, आचार्य पवन दुबे, रूपनारायण ठाकुर, धर्मेन्द्र साहू, रामदुलार साहू योग शिक्षक विजय साहू, शिक्षक अरुण देवांगन, शिक्षक संजीव राजेत्री साईं सेवा समिति के सदस्य पंकज दुबे, प्रदीप केसरवानी (छाया), सेवानिवृत्त शिक्षक बीएल चंद्राकार, निरंजन देवांगन, लाला राम साहू, सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धेश्वर पटेल, बुधराम देवांगन इत्यादि सम्मिलित हुए।

## ठेठवार यादव समाज महासभा की त्रैमासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

ठेठवार यादव समाज महासभा भाटापारा के कार्यकारिणी की त्रैमासिक बैठक बलौदा बाजार स्थित सामाजिक भवन में हुई। महासभा के अध्यक्ष पुहूपराम यदु की अध्यक्षता में आयोजित की। बैठक में सामाजिक एकता, एकरूपता लाने तथा समाज में शिक्षा पर जोर दिया गया। साथ ही शिक्षा समिति का गठन किया गया। इसके संयोजक कृष्ण कुमार यादव का मनोनयन किया गया। बैठक में आठो राज के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी शामिल हुए। सभा को परमेश्वर यदु, रमेश यदु एवं पुहूपराम यदु ने संबोधित किया।



इस अवसर में कैलाश यादव अध्यक्ष तरेंगा राज, नारायण यादव अध्यक्ष लवन राज, तुमेश यादव समाज प्रमुख बरतोरी राज, हरीश यादव अध्यक्ष रींवा राज, अमर सिंह यदु समाज प्रमुख छोटे खल्लारी राज, धर्मेंद्र यादव अध्यक्ष धनिया राज, रामेश्वर यादव अध्यक्ष परसिया राज, हरिशंकर यादव अध्यक्ष केंदा राज, तथा संरक्षक रमेश यदु, परमेश्वर यदु, महासचिव गंगा प्रसाद यदु, कोषाध्यक्ष बोधन यादव, कृष्ण कुमार यादव, टेकराम यदु, कुमार यादव, मुरली यादव, संतोष यादव, सुखदेव यदु, जवाहर यादव, सुरेश यदु, अशोक यादव उपस्थित थे। बैठक संचालन गंगा प्रसाद यदु ने किया तथा नारायण यादव अध्यक्ष लवनराज द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# पीएम आवास तोड़ने और मारपीट के आरोपों को सरपंच पति और ग्रामीणों ने किया खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गोलासर के आश्रित ग्राम देवकछार में प्रधानमंत्री आवास निर्माण को लेकर चल रहा विवाद अब गरमा गया है। आवेदिका हेमकुमारी चौहान ने कलेक्टर और एसपी से शिकायत कर सरपंच पति जगमोहन नायक और ग्रामीणों पर जेसीबी से पीएम आवास तोड़ने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। वहीं, सरपंच पति और ग्रामीणों ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए मामले को सार्वजनिक जमीन के उपयोग और ग्रामसभा के निर्णय से जुड़ा बताया है। आवेदिका हेमकुमारी चौहान का आरोप है कि उनके निजी पट्टे की भूमि पर बने प्रधानमंत्री आवास को जेसीबी से जबरन तोड़ दिया गया और उनके साथ मारपीट की गई। सरपंच पति जगमोहन नायक और ग्रामीणों का कहना है कि विवादित जगह शासकीय सार्वजनिक उपयोग की है, जहां पहले से पंचायत का चावल व खाद गोदाम संचालित था। सार्वजनिक भवन निर्माण के लिए 19 मई 2025 को हुई ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर मकान को हटाने का निर्णय लिया गया था। रोजगार सहायक के प्रतिवेदन के अनुसार, स्वीकृत पीएम आवास का स्थल पुरानी बस्ती में स्थित पुराने मकान वाली जगह पर है, जबकि विवादित स्थल का उपयोग गोदाम के रूप में हो रहा था। दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग दावे किए जाने के बाद मामला अब कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के समक्ष है। जमीन के वास्तविक स्वामित्व, स्वीकृति दस्तावेजों और ग्रामसभा के रिकॉर्ड की प्रशासनिक जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह साफ हो सकेगी।












## खबर संक्षेप



### सिद्धबाबा गेट रेलवे समपार अस्थायी रूप से बंद रहेगा

भाटापारा। हथबंद एवं भाटापारा रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित रेलवे समपार फाटक क्रमांक 385 किमी 766/14–16 जिसे सिद्धबाबा गेट के नाम से जाना जाता है, पर मिडिल लाइन में अत्यावश्यक मरम्मत कार्य किया जाना है। इस कार्य के कारण उक्त समपार फाटक पर 17 अगस्त सोमवार प्रातः 9 बजे से 20 अगस्त सायं 6 बजे तक सड़क यातायात का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। रायपुर रेल मंडल आमजन एवं वाहन चालकों से अनुरोध करता है कि उक्त अवधि के दौरान असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें रेलवे प्रशासन आमजन को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है तथा सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करता है।

### 40 कावड़िया बाबा धाम यात्रा के लिए रवाना



खरोरा। सावन पर्व पर खरोरा व आस पास के क्षेत्र से लगभग 40 कांवरिया आज बाबा बैजनाथ धाम के लिए युवाओं का जत्था रवाना हुआ। युवाओं का जत्था सुल्तानगंज से पवित्र जल लेकर लगभग 105 किलोमीटर का पदयात्रा करके बाबा बैजनाथ धाम (देवघर) पहुंच कर बाबा बैजनाथ में जल चढ़ाएंगे। सावन माह में होने वाली यह यात्रा बाबा भोलेनाथ की भक्ति को दर्शाता है। इसी क्रम में खरोरा व आसपास के क्षेत्र से कावड़ियों का जत्था रवाना हुआ है, जिसमें राजा देवांगन, राजेंद्र पाल, पुरुषोत्तम पाल, भोला पाल, निलेश वर्मा, सुरेश साहू, दीपक पाल, आदि पाल, दूधनाथ पाल, दिलीप देवांगन, बलराम देवांगन ईशु साहू ,खगेश पांडे सहित बड़ी संख्या में युवा कावड़िया शामिल है।

### अमसेना स्कूल की छात्राओं ने सैनिको के लिए रक्षा-सूत्र का किया निर्माण



खरोरा। राष्ट्रव्यापी देशभक्ति अभियान सिपाही रक्षा सूत्र 2026 अभियान के तहत 1 जुलाई से देशभर के विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा तैयार किए जा रहे रक्षा सूत्र (राखी) एवं तिलक हेतु एक चुटकी पवित्र मिट्टी और सैनिकों के नाम सम्मानपूर्वक लिखे गए संदेश पत्रों को देश के सीमाओं पर तैनात वीर जवानों तक सम्मान पहुंचाने के लिए संस्था गुरु घासीदास जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमसेना में प्राचार्य डॉ. दिलीप झा के निर्देशन में कंचन ठाकुर एवं दीपा दुबे के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा श्रद्धा और स्नेह से निर्मित इन रक्षा सूत्र को सैनिकों के नाम शुभकामनाओं से परिपूर्ण संदेश पत्र तैयार कर दीर्घायु जीवन की कामना किया गया है। इन छात्राओं द्वारा तैयार की गई रखियो का विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रशंसा किया। इस मौके पर हिमांशी चतुर्वेदी, नम्रता ध्रुव, नीलम विश्वकर्मा, जितेश्वरी, नरगिश डहरिया, भूमिका, अन्नपूर्णा बेलदार, रीमा डहरिया, एवं सुष्मिता मांडे के अलावा अन्य छात्राओं ने भाग लिया।

### जमीन बंटवारा को लेकर पिता के साथ मारपीट

महासमुंद। ग्राम लाटादादर में जमीन बंटवारे को लेकर एक व्यक्ति ने अपने पिता के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम लाटादादर के सुंदरलाल बरिहा पिता उदेराम बरिहा (60 साल) के साथ 13 की रात करीब 10 बजे उसके बड़े लड़के सूरज बरिहा ने जमीन का हिस्सा मांगते हुए गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकी दी।

# बलौदाबाजार जिले में साइबर अपराध के खिलाफ साइबर जागृति अभियान

## दो अक्टूबर तक सात सप्ताह चलेगा अभियान, सेल्फी के जरिए जनभागीदारी बढ़ाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच छत्तीसगढ़ पुलिस प्रदेशवासियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक और सुरक्षित करने के लिए 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक सात सप्ताह का साइबर जागृति अभियान चलाएगी। अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से साइबर अपराध के प्रति जागरूकता का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। अभियान की प्रमुख थीम 'साइबर जागृति की एक सेल्फी' रखी गई है। इसके तहत नागरिक छत्तीसगढ़ पुलिस अथवा संबंधित जिला पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल पर उपलब्ध लिंक या क्यूआर कोड स्कैन कर जागरूकता संदेश वाली सेल्फी फ्रेम में अपनी तस्वीर लेकर सोशल मीडिया पर साझा करेंगे। इससे साइबर सुरक्षा का संदेश उनके फॉलोअर्स और मित्रों तक पहुंचेगा।बलौदाबाजार में अभियान का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक गौरव राय और नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने प्रेस वार्ता के दौरान लिंक एवं क्यूआर कोड जारी कर किया। नगर पालिका अध्यक्ष ने स्वयं क्यूआर कोड स्कैन कर सेल्फी ली और उसे सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने सामाजिक, व्यापारिक संगठनों, संस्थाओं, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, प्रोफेशनल्स, कलाकारों और आम नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।








### सात सप्ताह अलग-अलग विषयों पर जागरूकता

अभियान के पहले सप्ताह स्कूल-कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता और बुनियादी साइबर सुरक्षा, दूसरे सप्ताह बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों में डिजिटल धोखाधड़ी और यूपीआई सुरक्षा तथा तीसरे सप्ताह वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'डिजिटल अरेस्ट और फर्जी कॉल' विषय पर टाउन हॉल आयोजित किए जाएंगे।चौथे सप्ताह महिलाओं के बीच स्मार्टफोन प्राइवेसी और सुरक्षित ब्राउजिंग, पांचवें सप्ताह युवाओं के लिए जॉब फ्रॉड एवं फिशिंग, छठे सप्ताह डेटा प्राइवेसी और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा सातवें सप्ताह ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में 'साइबर मुक्त छत्तीसगढ़' का संकल्प अभियान चलाया जाएगा।

## अभियान : रिमझिम बारिश में भी दिखा उत्साह, देशभक्ति नारों से गूंजा नगर

# भारत विभाजन स्मृति दिवस और हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व स्व. रामप्रसाद देवांगन महाविद्यालय में भारत विभाजन स्मृति दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत विभाजन की त्रासदी को स्मरण करते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सद्भाव एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना तथा विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना से जोड़ना रहा।

प्राचार्य आर. के. साहू ने विद्यार्थियों को भारत विभाजन के ऐतिहासिक संदर्भ एवं उसके सामाजिक प्रभावों से अवगत कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बाल्मीकि साहू ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के उद्देश्य एवं राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों में तिरंगा फहराने तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में हिमांशु ध्रुव, रचना मिश्रा, भगवती प्रसाद साहू, अंशु ध्रुव, चुलेश्वर साहू आदि प्राध्यापकों के साथ विष्णु गिरी, गैंदराम पटेल, किरण पटेल (तकनीशियन) तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता, स्वतंत्रता आंदोलन के



मूल्यों और देश के प्रति नागरिक कर्तव्यों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर स्वतंत्रता दिवस के पूर्व महाविद्यालय परिवार को मोजो मशरूम एवं उमा राइस इंडस्ट्रीज के संचालक बिमल किशोर खेतान के सौजन्य से साउंड सिस्टम प्रदान किया गया। इस सहयोग के लिए जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पूर्णेन्द्र पाध्याय तथा सदस्य विकास ठाकुर, तोरण ठाकुर एवं जयप्रकाश वर्मा सहित महाविद्यालय परिवार ने दानदाता श्री खेतान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग से महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने में सहायता मिलेगी।

### देशभक्ति और एकजुटता का सन्देश देने सभी वर्ग ने लगाई स्वतंत्रता दौड़



बलौदाबाजार। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पूर्व स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दौड़ प्रातः 7 बजे जिला मुख्यालय स्थित पंडित चक्रपाणि शुक्ल विद्यालय परिसर से प्रारम्भ हुआ जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, पत्रकार, अधिकारी-कर्मचारी स्कूली छात्र -छात्राएं देशभक्ति व एकजुटता का सन्देश देने पूरे जोश के साथ दौड़ में शामिल हुए।पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान से दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।हाथों मे तिरंगा लेकर युवा,बुजुर्ग, महिला,बच्चे सभी ने उत्साह के साथ दौड़ पूरा किया। दौड़ मैदान से शुरू होकर परशुराम चौक, जनपद कार्यालय,नया बस स्टैंड, यातायात कार्यालय के बगल से गौरव पथ होते हुए पुनः स्कूल मैदान मे सम्पन्न हुई। इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर ए.आर. टंडन, सीमा ठाकुर, वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित अन्य अधिकारी -कर्मचारी, नागरिकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### नगर पंचायत लवन में निकाली तिरंगा यात्रा

लवन। नगर में स्वतंत्रता दिवस से पहले तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग होते हुए शासकीय विद्यालय पर समाप्त हुई। नगर अध्यक्ष शिवमंगल चौहान के नेतृत्व में योगेश कुमार साहू मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत लवन एवं हरिशंकर जोशी प्राचार्य शासकीय विद्यालय लवन की उपस्थिति में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई। जैसे-जैसे ही साइडिंग से तिरंगा यात्रा आगे बढ़ रही थी। वैसे-वैसे नगरवासी इस यात्रा में शामिल होते जा रहे थे। डीजे के देशभक्ति गानों में तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोग झुम रहे थे। इस तिरंगा यात्रा में नगर के माता बहने, बुजुर्ग भी शामिल रहे। वंदे मातरम, भारत माता की जय, जैसे नारे लग रहे थे। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम समापन के दौरान योगेश कुमार साहू मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा सभी लोगों का आभार किया गया। नगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने तिरंगा यात्रा के बारे में कहा कि, नागरिकों के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जगाना और हर घर तिरंगा यात्रा अभियान को बढ़ाना देना ही इस तिरंगा यात्रा का मकसद है। राष्ट्रध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान और गौरव की भावना जागृत करना देश की एकता और अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना। इस तिरंगा यात्रा आयोजन में शिवमंगल चौहान (अध्यक्ष) नगर पंचायत लवन, शासकीय विद्यालय लवन प्राचार्य हरिशंकर जोशी, नरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष, भारत भूषण साहू पार्षद, नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी सहित नगरवासी इस तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

# श्रीबालाजी दरबार में कल होगा पार्थिव पूजन



खरोरा। श्रीबालाजी दरबार में सावन माह पर 16 अगस्त को भगवान भोलेनाथ की विशेष आराधना के लिए पार्थिव पूजन का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं को स्वयं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन एवं अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

आयोजन की शुरुआत सुबह 9 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ होगी। श्रद्धालु भक्तिभाव से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करेंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे से भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजन एवं अभिषेक किया जाएगा। धार्मिक मंत्रोच्चार एवं भगवान शिव की आराधना के बीच श्रद्धालु पार्थिव शिवलिंग का पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। पूजन-अनुष्ठान के पश्चात दोपहर 1 बजे पार्थिव शिवलिंग का विधि-विधान से विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए भोग-प्रसादी का आयोजन रखा गया है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पार्थिव पूजन में सहभागी बनें और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें। धार्मिक मान्यता के अनुसार पार्थिव शिवलिंग का पूजन भगवान शिव की आराधना का विशेष स्वरूप माना जाता है।

# सीमा पर तैनात जवानों के लिए छात्राओं ने बनाई राखियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

रक्षाबंधन पर देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात वीर सैनिकों के प्रति सम्मान, स्नेह एवं कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से संकुल केन्द्र भरसेला की छात्राओं द्वारा हस्तनिर्मित राखियां तैयार की है।

तैयार राखियों को एकत्रित कर संकुल समन्वयक अमित अवस्थी द्वारा बीईओ राजेन्द्र टंडन को सौंपा गया। इन राखियों को जिला कार्यालय के माध्यम से देश की रक्षा में तैनात सेना के जवानों तक भेजा जाएगा। बीईओ राजेन्द्र टंडन ने छात्राओं द्वारा सैनिकों के लिए तैयार की गई हस्तनिर्मित राखियों को प्राप्त करते हुए इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा देश की सुरक्षा में तैनात वीर जवानों के प्रति इस प्रकार स्नेह एवं सम्मान व्यक्त करना सराहनीय है। ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, सैनिकों के प्रति सम्मान एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने छात्राओं एवं संकुल के शिक्षकों को इस रचनात्मक एवं प्रेरणादायी पहल के लिए शुभकामनाएं दीं।

संकुल समन्वयक अमित अवस्थी ने कहा कि सीमा पर तैनात हमारे सैनिक अपने परिवार से दूर रहकर देश की सुरक्षा में अपना कर्तव्य निभाते हैं।

संकुल प्राचार्य फलेन वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा देश के वीर जवानों के लिए अपने हाथों से राखी बनाना एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायी प्रयास है। ऐसे कार्य बच्चों में देशभक्ति, संवेदना, सेवा एवं सामाजिक जिम्मेदारी जैसे जीवन-मूल्यों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जनहित कल्याण समिति का पुस्तक दान महादान अभियान शुरू



खरोरा। ग्राम पंचायत माठ में ग्रामीण विकास जनहित कल्याण समिति पुस्तक दान महादान अभियान शुभारंभ किया है। इसमें सद्गुरु वात्सल्य मौनी पुस्तकालय खोलने के लिए हरेली तिहार पर पुस्तक दान महादान अभियान शुभारंभ किया गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि इस चलाया जा रहे अभियान में एक पुस्तक दान देकर ज्ञान का दीप जलाएं। वही पुस्तकालय के भवन निर्माण के लिए जनहित सहयोग से पुस्तकालय का भवन निर्माण होगा, जिसमें आप सभी जनहित सहयोग करें और एक अच्छी पुस्तकालय का निर्माण करें, मुख्य अतिथि नारायण प्रसाद पाली साहित्यकार कहा समिति द्वारा जो अभियान चलाया जा रहा है। पुस्तक दान महादान अभियान बहुत अच्छी पहल है। प्रदेश अध्यक्ष गोवर्धन पाल ने पुस्तकालय के भवन निर्माण करने के लिए जनता से अपील की है कि पुस्तकालय निर्माण में आर्थिक सहयोग कर वह पुस्तक दान कर पुस्तकालय को भव्य बनाया जाए। जन सहयोग से हम इस पुस्तकालय का निर्माण कर सकते हैं। नरोत्तम शर्मा ने कहा पुस्तकालय खोलने बहुत अच्छा चीज है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महत टकसाल साहेब, निर्मोही साहेब, कामेश्वर पाल, राजू वर्मा, शेषनारायण वर्मा, मोनिका वर्मा, शिव प्रसाद बैरागी, संगीता वर्मा, सरस्वती धीवर, बिंदु धीवर, पूजा पाल, पुष्पा पाल, सेवती पाल एवं सदस्य उपस्थित थे।

## ब्लॉक कांग्रेस ने संगठन की मजबूती पर भी किया मंथन

# स्मार्ट मीटर और बढ़े बिजली बिल के विरोध में कांग्रेस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक पुराना बस स्टैंड स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें संगठन की मजबूती के साथ-साथ स्मार्ट मीटर एवं बढ़े हुए बिजली बिल के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे आवेदन अभियान की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उक्त बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय के साथ बूथ स्तर तक सक्रिय होना होगा। तभी संगठन मजबूत होगा। प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठाए। उन्होंने स्मार्ट मीटर एवं बढ़े हुए बिजली बिल के विरोध में प्रदेश कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों से फॉर्म भरवाने की अपील की।ब्लॉक प्रभारी दीपक वर्मा ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को अभियान से जोड़ें। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं कांग्रेस के सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर अधिक से अधिक लोगों से फॉर्म भरवाएं। स्मार्ट मीटर एवं बढ़े हुए बिजली बिल के विरोध में कांग्रेस का यह अभियान पूरी मजबूती के साथ चलाया जाएगा। उक्त बैठक को वरिष्ठ नेता एवं सरपंच कुबेर यदु, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कुलदीप सलूजा, वरिष्ठ कांग्रेसी मोहन गायकवाड, कांग्रेस नेत्री सुनीता यादव, अयूब खान, नगर पालिका विधायक प्रतिनिध हिरेंद्र कोसले एवं ब्लॉक महामंत्री विष्णु कोसले ने भी संबोधित किया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने तथा बिजली बिल एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस के अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। बैठक में प्रदेश किसान कांग्रेस महामंत्री विवेक अग्रवाल, चंदू साहू, मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, श्यामलाल देवांगन, भिखारी गहरे, पार्षद परदेसी सोनकर, मो. याकूब, राजा तिवारी,हेमलाल साहू, जनपद विधायक प्रतिनिधि वासु साहू, सुरेश साहू, मंजू शुक्ला,धन सिंह साहू, विक्की मानिकपुरी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।






हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026










संकलनकर्ता- राकेश श्रीवास, हरिभूमि संवाददाता सिमगा, मो.- 9300696088, 9589914433














संकलनकर्ता- राकेश श्रीवास, हरिभूमि संवाददाता सिमगा, मो.- 9300696088, 9589914433













संकलनकर्ता- राकेश श्रीवास, हरिभूमि संवाददाता सिमगा, मो.- 9300696088, 9589914433










संकलनकर्ता- राकेश श्रीवास, हरिभूमि संवाददाता सिमगा, मो.- 9300696088, 9589914433

समस्त प्रदेशवासियों को 15 अगसत स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अनिमेष स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड

अनिमेष स्पॉत प्राईवेट लिमिटेड

MAHENDRA

15 अगस्त समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...



माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन

समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार संभागीय कार्यालय जल संसाधन विभाग जिला बलौदा बाजार -भाटापारा

15 अगस्त समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...



माननीय अरुण साव मंत्री छ.ग. शासन

समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार संभागीय कार्यालय लोक निर्माण विभाग जिला बलौदा बाजार -भाटापारा

15 अगस्त समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...



माननीय रामविचार नेताम मंत्री छ.ग. शासन

समस्त अधिकारी कर्मचारी संभागीय कार्यालय कृषि विभाग, जिला बलौदाबाजार - भाटापारा

15 अगस्त समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...



माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन

समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार संभागीय कार्यालय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला बलौदाबाजार - भाटापारा

15 अगस्त समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...



माननीय केदार कश्यप मंत्री छ.ग. शासन

समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार संभागीय कार्यालय वन विभाग, जिला बलौदा बाजार - भाटापारा

15 अगस्त समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...



माननीय गजेन्द्र यादव मंत्री छ.ग. शासन

समस्त अधिकारी कर्मचारी संभागीय कार्यालय शिक्षा विभाग, जिला बलौदाबाजार - भाटापारा

15 अगस्त समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...



श्रीमती सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत ब.बा.

जनपद पंचायत, बलौदा बाजार, जिला बलौदा बाजार - भाटापारा

15 अगस्त समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...



श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत ब.बा.

जिला पंचायत जिला बलौदाबाजार - भाटापारा

15 अगस्त समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...



माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन

समस्त अधिकारी कर्मचारी संभागीय कार्यालय खनिज विभाग, जिला बलौदाबाजार - भाटापारा

15 अगस्त समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...



माननीय श्याम बिहारी जायसवाल मुख्यमंत्री छ.ग. शासन

समस्त अधिकारी कर्मचारी संभागीय कार्यालय स्वास्थ्य विभाग, जिला बलौदाबाजार - भाटापारा




15 अगस्त समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ




समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार संभागीय कार्यालय, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, जिला बलौदा बाजार - भाटापारा

15 अगस्त समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ




सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

परियोजना अधिकारी, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा




संकलनकर्ताः दलजीत सिंह चावला, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, मो. 99262-04007

समाचार, विज्ञापन, ईश्तहार के लिये संपर्क करें














संकलनकर्ता: दलजीत सिंह चावला, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, मो. 99262-04007
समाचार, विज्ञापन, ईश्तहार के लिये संपर्क करें










संकलनकर्ता- गणेशशंकर साहू, हरिभूमि संवाददाता कसडोल, मो. 89590-20002
















संकलनकर्ता- गणेशशंकर साहू, हरिभूमि संवाददाता कसडोल, मो. 89590-20002

संकलनकर्ता - हरिभूमि संवाददाता-धमेन्द्र साहू, भटगांव मो. 73543 24077













संकलनकर्ता- गणेशशंकर साहू, हरिभूमि संवाददाता कसडोल, मो. 89590-20002
















संकलन कर्ता - हेमकुमार साहू हरिभूमि संवादाता पलारी मो .9617056240













संकलनकर्ता- गणेशशंकर साहू, हरिभूमि संवाददाता कसडोल, मो. 89590-20002















संकलनकर्ता: दलजीत सिंह चावला, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, मो. 99262-04007

समाचार, विज्ञापन, ईश्तहार के लिये संपर्क करें